तापमान

अधिकतम 35.0 डिग्री

न्यूनतम 20.0 डिग्री

हरिभूमि

# वनांचल भूमि

रायपुर, सोमवार 12 मई 2025

बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर



मरीजों के लिए उम्मीद की थालीः जिला अस्पताल... 12





सरकार की पहल से ग्रामीणों को गांव में ही... 12




## सुशासन तिहार: समाधान शिविर में हितग्राहियों को दिया किसान क्रेडिट कार्ड

# आवेदन देते ही 60 साल की ठीरली को मिला वृद्धावस्था पेंशन का आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

सुशासन तिहार के अंतर्गत दिए गए आवेदनों का तीसरे चरण के समाधान शिविर में त्वरित निराकरण सहित जनहितकारी योजनाओं से लाभान्वित करने के फलस्वरूप लाभार्थियों में खुशी है। समाधान शिविर में राजस्व, पंचायत एवं ग्रामीण विकास खाद्य, कृषि और श्रम विभाग के हितग्राही को किसान किताब, प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत आवास निर्माण की स्वीकृति आदेश, सामाजिक सहायता पेंशन आदेश किसान किताब किसान क्रेडिट कार्ड श्रमिक कार्ड का वितरण किया गया। इस दौरान लाभान्वित होने वाले हितग्राहियों द्वारा प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह सरकार की संवेदनशील पहल है। इन लाभार्थियों ने इसके लिए शासन प्रशासन के प्रति आभार जताया और राज्य सरकार को धन्यवाद दिया।

- सरकार की जरुरतमंदों के प्रति संवेदनशीलता एवं सजग मदद दिख रही: हितग्राही



सुशासन तिहार के तहत समाधान शिविर उलनार में ग्राम गांव के ही निवासी ठीरली कश्यप पिता सुकालू ने बताया कि वह बीते महीने में 60 वर्ष की आयु पूरी कर चुका है इसे ध्यान रखते हुए ग्राम पंचायत में वृद्धावस्था पेंशन के लिए सुशासन तिहार में आवेदन देने कहा गया तो उसने उक्त पेंशन के लिए आवेदन किया था। काफी खुश हूं कि मेरे आवेदन पर विभाग ने तत्काल कार्रवाई कर पेंशन स्वीकृति आदेश दिया है। इसी तरह दृष्टिहीन त्रिलोचन कश्यप पिता मानसिंह को दव्यिांग पेंशन के लिए दिए गए आवेदन के आधार पर द्वियांगों को पेंशन स्वीकृति ▶▶| शेष पेज 12 पर

### किसानों को मिली किसान किताब

*समाधान शिविर में किसानों ने किसान किताब बनाने के लिए दिए गए आवेदन पर त्वरित पहल कर उन्हें किसान किताब प्रदान करने हेतु राज्य सरकार को धन्यवाद दिया। जिसमें किसानों ने खाता विभाजन उपरांत किसान किताब के लिए आवेदन किया था, जिसके तहत टलनार के लाभार्थी रंगोराम पिता पाकलू घसिया पिता हलधर और रामेश्वर पिता जुगधर ने बताया कि अपने परिवार में खाता विभाजन के बाद किसान किताब के लिए सुशासन तिहार में आवेदन किया था, विभाग ने तत्काल बनाकर हम सभी को किसान किताब प्रदान किया है। इन सभी ने भी किसान किताब देने के लिए शासन प्रशासन के प्रति कृतज्ञता प्रकट करते हुए कहा कि अब उसे बैंक से ऋण लेने तथा शासन की जनहितकारी योजनाओं से लाभान्वित होने में सहूलियत होगी।*

# राज्य सरकार की मंशा समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचे : सांसद



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

सुशासन तिहार के तहत समाधान शिविर का आयोजन रविवार को बस्तर जिले के विकासखंड बकावंड और बस्तर के ग्राम पंचायतों में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। बकावंड विकासखंड के उलनार में आयोजित समाधान शिविर में 19 ग्राम पंचायतों को सम्मिलित किया गया। जिसमें ग्राम उलनार, पाईकपाल, गुमडेल, करीतगांव, जुनावनी, कोरपाल, कानापाल, कुरूशपाल, मालगांव, धोबीगुड़ा, इरिकपाल, कोहकापाल, चितालूर, बालपुटी, बजावण्ड, तारापुर, टलनार, बनियागांव एवं बेलगांव सम्मिलित रहे। इस शिविर में 7271 आवेदन प्राप्त हुए थे जिसमें 7252 आवेदनों का निराकरण किया गया है और 19 लंबित हैं। सर्वाधिक आवेदन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को प्राप्त हुए थे।

बस्तर विकासखंड के पखना कोंगेरा में आयोजित समाधान शिविर में सालेमेटा-एक, छुरावण्ड, खड़का, पखनाकोंगेरा, कोटगढ़, खण्डसरा, तुरपुरा, पल्लीभाटा, तुरपुरा नवीन, केशरपाल, नहरनी, सोरगांव एवं जामगांव कुल 13 ग्राम पंचायतों को शामिल किया गया था। इस शिविर में 5889 आवेदन प्राप्त हुए थे जिसमें 5882 आवेदनों का निराकरण किया गया है और 8 लंबित हैं। इस शिविर में भी सर्वाधिक आवेदन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को मिला था।

- उलनार और पखना कोंगरा में समाधान शिविर का हुआ आयोजन
- सांसद और जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कश्यप हुए शामिल

उलनार में आयोजित समाधान शिविर में सांसद महेश कश्यप ने स्थानीय हल्बी बोली में सम्बोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार की मंशा समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचे और प्रदेश के सर्वांगीण विकास में सभी की सहभागिता हो। इसी उद्देश्य से सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा ▶▶| शेष पेज 12 पर

## खबर संक्षेप

### शिविर में 212 लोगों को मिली स्वास्थ्य सुविधा, 8 का बनाया आयुष्मान कार्ड



**जगदलपुर।** नगरनार में हॉल ही में आयोजित शिविर पर स्वास्थ्य विभाग ने 212 लोगों को स्वास्थ्य सुविधा दी और 8 नए आयुष्मान कार्ड का निर्माण किया गया। इससे पहले मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाक ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नगरनार का निरीक्षण कर उपस्थित सभी कर्मचारियों से किए जा रहे कार्यों का विवरण लिया। शिविर में विभाग के भारती नाग, प्रीति यादव ,तमा असीम गाईन सोनिया यादव, कुंती साहू, अनीता सोरी, बलराम सोरी, पुष्पा साहू, तुलाराम सेठिया, एनएन सेठिया और नदीम खान आदि मौजूद रहे।

### महापौर के साथ कलेक्टर से मिले आयोजन समिति के लोग



**जगदलपुर।** 14 दिवसीय सामाजिक एकता कप का आयोजन हाता ग्राउंड में किया जाना है। इस का शुभारंभ 23 मई को किया जाएगा। इसमें 16 टीम शामिल होंगे। आयोजन समिति ने आज महापौर संजय पाण्डे के नेतृत्व में कलेक्टर हरिस एस से मुलाकात की। जिसमें आयोजन समिति के अध्यक्ष अमरीक सिंहए सचिव नवीन बोथरा, कोषाध्यक्ष मनोज महापात्र, नितिन साव, वसीम अहमद, जंग बहादुर सिंह सोढ़ी शामिल रहे।

### सत्य साई प्रेम वाहिनी रथ भारत भ्रमण पर निकला



**जगदलपुर।** श्री सत्य साई सेवा संगठन बस्तर एवं सुकमा जिला अध्यक्ष संजय वैष्णव ने बताया कि मानव मात्र में प्रेम और सद्भाव का संदेश फैलाने हेतु श्री सत्य साई प्रेम वाहिनी रथ भारत भ्रमण पर है।

### बाजार में टमाटर 15 रुपए किलो में बिका



**जगदलपुर।** बाजार में रविवार को शहरीय के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्र के सब्जी खरीददारों की भीड़ दिखी। खरीददारों के अनुसार नारायणपुर, केशकाल का बोड़ा का इंतजार है। बाजार में टमाटर 15-20, करेला 50, फूलगोभी 50, पत्तागोभी 30, भिंडी 50, आलू 30, प्याज 25, अदरक 180, लहसून 250, लालभाजी, पालकभाजी, मैथी 20 रूपए में 6-7 जूड़ी बिक रहा है।

# सब मिलकर ग्रीन सिटी कालोनी को और बेहतर बनाएंगे : देव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

गुरु गोविंद सिंह वार्ड के ग्रीन सिटी कालोनी में सांस्कृतिक मंच का भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने फीता काटकर लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि शहर में ग्रीन सिटी कालोनी व्यवस्थित कालोनी में से एक है। सभी मिलकर ग्रीन सिटी कालोनी को और बेहतर बनायेंगे।

कालोनी में सांस्कृतिक मंच के बनने से कालोनी में निवासरत लोगों को सांस्कृतिक कार्यक्रम करवाने में काफी सुविधा होगी। इसको संरक्षित व सुरक्षित रखना हमारा दायित्व है। कालोनीवासियों को गतिविधियों को कराने में एक अच्छा सुविधायुक्त मंच मिल गया है। कालोनी के विकास में जो बेहतर होगा उस विकास कार्य को किया जायेगा। वहीं महापौर संजय पांडे ने कहा ग्रीन सिटी कालोनी में सांस्कृतिक मंच को नगर निगम का पूरा सहयोग रहेगा। विधायक के नेतृत्व में शहर का चौमुखी विकास हो रहा है। सभी मिलकर बेहतर कार्य करेंगे। मंच संचालन संग्राम सिंह राणा ने किया।



### ये रहे उपस्थित

*इस दौरान अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन, जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पांडे, एम आई सी सदस्य निर्मल पानीग्राही, सुरेश गुप्ता, राजस्व सभापति व वार्ड पार्षद संग्राम सिंह राणा, मनोहर तिवारी,नगर मंडल अध्यक्ष प्रकाश झा, बलराम यादव,नवीन बोथरा, आयुक्त प्रवीण कुमार वर्मा,ग्रीन सिटी कालोनी अध्यक्ष अभय नोनहारे, के के कश्यप, एम भगत, बी फीलीप, बी विश्वास, खरे, विलाश साहा, संरक्षक हरिशंकर देवांगन एवं कालोनीवासी उपस्थित थे।*

## राउरकेला से 16 से 18 मई तक जगदलपुर के लिए थमे रहेंगे रेल के पहिए

**जगदलपुर।** राउरकेला से जगदलपुर के मध्य नियमित चलने वाली जगदलपुर एक्सप्रेस ट्रेन का संचालन आगामी 15 से 18 मई तक संचालित नहीं होगी। पूर्व तट रेल जोन के विशाखापत्तनम रेल मंडल कंट्रोल से जारी किये गए। जानकारी अनुसार दक्षिण पूर्व मध्य रेल जोन के सेक्शन में तीसरी रेल लाइन का निर्माण किया जा रहा है। जिसे ध्यान में रखकर राउरकेला एक्सप्रेस का संचालन 4 दिनों तक रद्द किया गया है। रेल मंडल मुख्यालय सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार इस सेक्शन में नई लाइन निर्माण के बाद एनआई ▶▶| शेष पेज 12 पर

# सत भक्ति ही सुख व मुक्ति का मार्ग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

नगर पंचायत बस्तर में संत रामपाल महाराज के अनुयायियों द्वारा सत्संग का आयोजन किया गया। इस सत्संग का उद्देश्य समाज में सत्य सनातन भक्ति वैदिकद आधारित महत्व को उजागर करना और मानव जीवन को सही दिशा में प्रेरित करना था। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हुए। आध्यात्मिक ज्ञान और मोक्ष प्राप्ति की विधि को जानने के लिए उत्सुक थे। श्रीमद्भगवद गीता अध्याय 4 श्लोक 32-34 के अनुसार केवल तत्वदर्शी संत से प्राप्त ज्ञान से ही मोक्ष संभव है।गीता अध्याय 15 श्लोक 1 में वर्णित तत्वदर्शी संत मिल जाने के बाद गीता ▶▶| शेष पेज 12 पर



### सत्संग में दी गई शिक्षाएं

संत रामपाल महाराज ने समझाया कि मानव जीवन का असली उद्देश्य मोक्ष प्राप्त करना है, जो केवल पूर्ण संत की शरण और शास्त्र आधारित भक्ति से संभव है। पारिवारिक और सामाजिक शांति सच्ची भक्ति से मनुष्य के आचरण में सुधार होता है, जिससे समाज में नैतिकता और अनुशासन का प्रसार होता है। समाज में समानता का संदेश जातिवाद, ऊंच-नीच और भेदभाव जैसी समस्याओं को समाप्त करने का एकमात्र समाधान शास्त्र आधारित भक्ति है। श्रद्धालुओं ने आशा व्यक्त की कि यदि समाज में हर व्यक्ति शास्त्र आधारित भक्ति को अपनाए तो यह विश्व एक शांतिपूर्ण और नैतिकता से भरपूर स्थान बन सकता है। अंत में यह सत्संग यह संदेश देकर समाप्त हुआ कि सच्ची भक्ति से ही मानव जीवन सार्थक और समाज उन्नत हो सकता है।

# इज्तेमाई निकाह इस्लाम धर्म के संदेश को आगे बढ़ाता है : पाण्डेय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

इज्तेमाई निकाह इस्लाम धर्म के संदेश को आगे बढ़ाता है। समाज में सामूहिक विवाह होने से विवाह में होने वाले फिजूल खर्चे पर विराम लगेगा। विवाह के बाद व्यक्ति की जवाबदारी बढ़ जाती है। ऐसे विवाह से जहां समाज संगठित होता है और वहीं परिवार में खुशहाली आती है। यह ▶▶| शेष पेज 12 पर

- मुस्लिम डेव्हलपमेंट सोसायटी के कार्यक्रम में 8 जोड़े का हुआ निकाह






### 18 वर्ष में 120 जोड़ों का विवाह

समाज के लोगों ने बताया कि वर्ष 2007 से सामूहिक विवाह की परंपरा चालू की गई है। समाज की ओर से वर्ष 2007 से 2025 तक यानि 18 वर्ष में 120 जोड़ों का सामूहिक विवाह हुआ है।

### जोड़ों ने जिंदगी गुजारने की खाईं कसमें

सोसायटी की अध्यक्षा शमशाद बेगम ने बताया कि सोसायटी द्वारा सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में 8 जोड़ों ने एक दूसरे के साथ जीवनभर अपनी जिंदगी गुजारने की कसमें खाईं। समारोह में सभी जोड़ों को उनके उत्साहवर्धन के लिए पलंग, किचन का सामान, अलमारी, मिक्सी, कूलर, ट्रंक जैसे सामान उपलब्ध कराई गई है। समाज के सदस्यों ने भी सभी नए जोड़ों को चांदी की पायल और चांदी की बिछिया भी उपहार के रूप में दिया है।




## खबर संक्षेप

### हाहालद्दी आयरन अयस्क खदान को मिले तीन पुरस्कार

**दुर्गुकोंदल।** तहसील दुर्गुकोंदल क्षेत्र के ग्राम हाहालद्दी में संचालित मिवान स्टील्स लिमिटेड की लौह अयस्क खदान को 40 वां खान सुरक्षा पखवाड़ा के समापन समारोह में 3 पुरस्कार प्राप्त हुए। शनिवार को रायपुर के होटल बेबीलॉन में 40 वें खान सुरक्षा पखवाड़ा के समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस समापन समारोह में मिवान स्टील्स लिमटेड की खदान को कुल 3 श्रेणियों में पुरस्कार प्राप्त हुआ, जिसमे पब्लिसिटी प्रोपेगंडा में द्वितीय, सेफ़्टी मैनेजमेंट प्लान में द्वितीय तथा इलेक्ट्रिकल इंस्टालेशन में भी द्वितीय पुरस्कार मिला। कंपनी के तरफ से खान प्रबंधक सुभाष सिंह के साथ बिपिन बाजपेयी, रवींद्र भारद्वाज, आनंद पाण्डे तथा सुमित कुमार ने भाग लिया।

### युवक के सिर पर बाटल से हमला, गंभीर

**कांकेर।** कुरना में बीती रात को खाना खाकर टहलने के लिए निकले दो भाइयों में से एक भाई के साथ गाँव के अन्य युवक ने मामूली बात को लेकर मारपीट कर दिया। आरोपी युवक ने सिर पर बॉटल से हमला कर दिया, जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया। कांकेर थाना में शिकायत करने पहुंचे कुरना निवासी 23 वर्षीय शैलेंद्र कुमार साहू पिता चंदन कुमार साहू ने पुलिस को बताया कि पेंटिंग का काम करता हूं। 10 मई की रात करीबन 8 बजे तथा मेरा भाई डायमंड साहू अपने घर से खाना खाकर घर से कुछ दूरी में पान ठेला के पास जाकर बैठे थे। पान ठेला बंद था, उसी समय गांव का शंभू साहू आया और मुझे गाली देने लगा। कितना समय हुआ है पूछा तो बोला कि मुझे क्यों गाली गलौज कर रहे हो। तभी आरोपी शंभू साहू कहने लगा कि तू मुझे गाली देने से मना करने वाला कौन होता कहते हुए आज तुझे जान से मार डालूंगा कहकर हाथ थप्पड़ से मारपीट करने लगा। पास में पड़ी खाली बोतल से मेरे सिर पर हमला बोल दिया, जिससे मेरे सिर सिर, बांए कान में चोट लगा है। मेरा भाई डायमंड साहू ने बीच बचाव किया है। मेरा भाई बीच बचाव नहीं करता तो मेरे साथ कोई भी अनहोनी हो सकती थी। आरोपी युवक की इस घटना से हम लोगो में दहशत का माहौल बना हुआ है। पीड़ित युवक की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी शंभू साहू के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया है।

### सेवा : नारायण सेवा समिति की भोजन सेवा ने पूरे किए 365 दिन

# मरीजों के लिए उम्मीद की थाली: जिला अस्पताल में नि:शुल्क भोजन सेवा ने पूरे किए सेवा के एक वर्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणपुर

जिला अस्पताल में नारायण सेवा समिति द्वारा चलाए जा रहे निरंतर निःशुल्क भोजन वितरण अभियान ने आज सफलतापूर्वक एक वर्ष पूरा कर लिया है। समिति के 10 से 15 सदस्यों द्वारा स्वयं के संसाधनों से संचालित इस सेवा का लाभ अबूझमाड़ के नक्सल प्रभावित दूरदराज इलाकों से उपचार हेतु आए मरीजों के परिजनों को मिल रहा है।

- नक्सल प्रभावित इलाकों से आए मरीजों के परिजनों के लिए भोजन बना सहारा

यह सेवा पिछले वर्ष बुद्ध पूर्णिमा के शुभ अवसर पर प्रारंभ की गई थी और तब से बिना किसी अवकाश के प्रत्येक दिन दोपहर 12 बजे और शाम 7 बजे निःशुल्क भोजन वितरित किया जा रहा है। समिति के सदस्यों की अथक मेहनत और समर्पण से यह सेवा आज एक वर्ष पूरे करने में सफल रही है। समिति ने आगामी वर्षों में इस सेवा को और अधिक विस्तार देने का संकल्प लिया है और जनता से इस मुहिम में जुड़ने की अपील की है ताकि अधिक से अधिक जरूरतमंदों तक सहायता पहुँचाई जा सके।





#### मरीजों के परिजनों इस व्यवस्था को सराहा

भोजन सेवा से लाभान्वित मरीजों के परिजनों ने समिति के इस प्रयास की भूरी-भूरी प्रशंसा की है। एक परिजन ने भावुक होकर कहा कि हम सैकड़ों किलोमीटर दूर से इलाज के लिए आते हैं। यहां आकर भोजन जैसी मूलभूत सुविधा मिलना हमारे लिए किसी आशीर्वाद से कम नहीं है। स्थानीय प्रशासन और अस्पताल प्रबंधन ने भी नारायण सेवा समिति के इस निरंतर सेवा कार्य की सराहना की है और इसे समाज के प्रति जागरूकता व संवेदनशीलता का उदाहरण बताया है।

#### गर्व और संतोष के एक साल

नारायण सेवा समिति के अध्यक्ष ने बताया कि हमने यह अभियान समाज के जरूरतमंदों की सहायता के उद्देश्य से शुरू किया था। आज एक वर्ष पूरा होते देख हमें गर्व और संतोष का अनुभव हो रहा है। हम भविष्य में भी इसी भावना से सेवा कार्य करते रहेंगे।"

# सड़क सुरक्षा रैली एनएसएस स्वयंसेवकों ने किया जागरूक




हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने रविवार को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरुकता फैलाने के उद्देश्य से भव्य रैली का आयोजन किया। रैली का नेतृत्व जिला संगठक शशिभूषण कन्नौजे के मार्गदर्शन में शासकीय गुण्डाधुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय एवं शासकीय कन्या महाविद्यालय, कोंडागांव की रासेयो इकाइयों ने किया। रैली का शुभारंभ गुण्डाधुर महाविद्यालय परिसर से हुआ, जो नारेबाजी के साथ बंधा तालाब तक पहुंची। विद्यार्थियों ने हेलमेट है जरूरी, नशे में वाहन न चलाएं, जैसे नारों के माध्यम से राहगीरों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया।

- कोण्डागांव में नुक्कड़ नाटक और नारेबाजी से लोगों में फैलाई जागरुकता
- यातायात पुलिस ने किया सहयोग

रैली के उपरांत मर्दापाल नाका के पास चौराहे पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया, जिसमें हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने और नशे में वाहन न चलाने के खतरों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में यातायात पुलिस का विशेष सहयोग रहा, जिसमें पुलिस अधिकारी चुन्नीलाल मरकाम और सुखमति मरकाम भी उपस्थित रहे।

**ये हुए शामिल**

रैली में एनएसएस स्वयंसेवकों में देवेंद्र सेठिया, द्रोणा प्रसाद, देवी साहू, अंजू पटेल, लोकेश, समीर, सरोज, सारिका, अनीता, बीजोंतीन, ममता मरकाम, राजेश्वरी, निताई, लालिमा, रूपाली पटेल सहित बड़ी संख्या में युवाओं ने भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

# सरकार की पहल से ग्रामीणों को गांव में ही मिल जा रहा समाधान

**कोण्डागांव।** राज्य सरकार द्वारा आम जनता की समस्याओं का समाधान सीधे गांवों में करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे सुशासन तिहार अभियान के तहत जिले भर में समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में माकड़ी ब्लॉक के ग्राम काटागांव में शनिवार को आयोजित समाधान शिविर में ग्राम गारे निवासी लीलाराम नेताम की वर्षों पुरानी मांग पूरी हुई।

लीलाराम नेताम अपने एक एकड़ के निजी तालाब में मछली पालन कर अपने परिवार का जीवनयापन करते हैं। उन्होंने बताया कि उन्हें लंबे समय से मछली जाल की जरूरत थी, जिससे मछली पकड़ने में सुविधा हो और उत्पादन बढ़ाया जा सके। समाधान शिविर में मत्स्य विभाग द्वारा उन्हें मछली जाल प्रदान किया गया, जिसे पाकर उन्होंने शासन–प्रशासन का आभार जताया। शिविर में मुख्य अतिथि के



रूप में कोंडागांव विधायक व बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष सुश्री लता उसेंडी सहित कई अधिकारी और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। उन्होंने हितग्राहियों को सामग्री वितरित की और योजनाओं की जानकारी भी दी। सुशासन तिहार के माध्यम से ग्रामीणों को उनकी जरूरतें और योजनाओं का लाभ अब उनके गांव में ही मिल रहा है, जिससे उन्हें सरकारी दफ्तरों के चक्कर नहीं काटने पड़ रहे। लीलाराम जैसे कई ग्रामीण अब इस पहल से खुश हैं और इसे जनहित की दिशा में एक मजबूत कदम मानते हैं।

### कोंडागांव विकासखंड के ग्राम चिपावण्ड में समाधान शिविर आज

**कोण्डागांव।** सुशासन तिहार अंतर्गत ग्रामीणजनों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान करने के साथ ही शासकीय कार्यों में पारदर्शिता सुनिश्चित करने और योजनाओं का लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से जिले में क्लस्टर अनुसार समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिले के सभी विकासखण्डों में तिथिवार आयोजित शिविरों में आमजनों की समस्याओं के आवेदन लेने के साथ निराकरण भी किया जा रहा है। इसी क्रम में 12 मई को कोण्डागांव विकासखण्ड के ग्राम चिपावण्ड में समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा, जिसमें चिपावण्ड, मुलमुला, धनपुर, लेमड़ी खड़का, फुकागिरोला, बड़ेसिलाटी, सिंगनपुर, भीरागांव–अ, भोगाड़ी, मालगांव, कुम्हारी, निलजी, उमरगांव–ब, कुलझर बफना और नेवता गांव के ग्रामीण शामिल होंगे।

# मर्दापाल पहुंचे जल संसाधन विभाग के सचिव, किसानों से की सीधी बात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

राज्य सरकार की विकसित भारत 2047 कार्ययोजना के तहत बस्तर के सुदूर इलाकों में जल संसाधन के विकास को प्राथमिकता दी जा रही है। इसी कड़ी में जल संसाधन विभाग के सचिव राजेश सुकुमार टोप्पो ने 10 मई को पहली बार मर्दापाल क्षेत्र का दौरा किया। यह पहली बार है जब सचिव स्तर का कोई अधिकारी इस सुदूर वनांचल तक पहुँचा है। सचिव श्री टोप्पो ने कुरुषनार व्यपवर्तन योजना का निरीक्षण किया और अधिकारियों से योजना की प्रगति पर चर्चा की। उन्होंने स्थानीय किसानों से भी मुलाकात कर उनकी पानी से जुड़ी समस्याओं को सुना और भरोसा दिलाया कि राज्य सरकार किसानों के साथ है।

**बस्तर की भौगोलिक स्थितियों को ध्यान में रखकर जल प्रबंधन की योजनाएं बनानी होंगी** – इससे पहले, जल संसाधन मंत्री केदार कश्यप की अध्यक्षता में जगदलपुर सर्किट हाउस में विभागीय बैठक हुई, जिसमें सिंचाई योजनाओं की समीक्षा की गई। मंत्री ने साफ कहा कि बस्तर की भौगोलिक स्थितियों को ध्यान में रखकर जल प्रबंधन की योजनाएं बनानी होंगी। सचिव श्री टोप्पो ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्थानीय जरूरतों और भू–भाग की विशेषताओं के अनुसार व्यावहारिक योजनाएं तैयार की जाएं, ताकि खेती और आजीविका को मजबूती मिले।



- बस्तर की सिंचाई योजनाओं को मिलेगी नई रफ्तार

**इनकी रही उपस्थिति** – निरीक्षण के दौरान प्रमुख अभियंता इंद्रजीत उइके, मुख्य अभियंता के एस भंडारी, अधीक्षण अभियंता प्रणव पाल, कार्यपालन अभियंता खिलेश्वर साहू सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। विभागीय अधिकारियों का मानना है कि इस दौरे से बस्तर क्षेत्र में जल संसाधन के बेहतर प्रबंधन और सिंचाई के विस्तार की दिशा में ठोस पहल होगी।

# सड़क दुर्घटना के दो मामले में दो लोगों की गई जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

सड़क दुर्घटना के दो मामले में दो लोगो की जान चली गई। दुर्घटना की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी बस चालक और दूसरे प्रकरण में आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना में लिया।

बड़गांव थाना में शिकायत करने पहुंचे छिंदपाल निवासी 25 वर्षीय सहदेव ध्रुवा पिता स्व छेरकूराम ध्रुवा ने पुलिस को बताया कि मेरे पिता छेरकू राम ध्रुवा हमारे पड़ोसी नागेश उसेण्डी के साथ घर से 11 मई को सुबह 11 बजे मोटर सायकल से मक्का का पैसा लेने के लिए कापसी गए थे और कापसी में काम निपटाने के बाद दोनो मोटर सायकल से कापसी से घर छिंदपाल वापस आ रहे थे। ग्राम दोड़देकादर पटेलपारा के पास दोपहर करीबन 2 बजें विपरीत दिशा से आ रही आरोपी बस वाहन क्रमांक सीजी 19 एफ 0450 के चालक द्वारा तेज गति व लापरवाही पूर्वक बस को चलाकर मोटर सायकल को सामने से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे मेरे पिता छेरकूराम के दाए पैर, सिना, सिर में गभीर चोट आया व उसकी मौके पर ही मौत हो गई। नागेश उसेण्डी के सिर, घुटना, दोनों हाथों में चोट आई है। शिकायत पर पलिस ने आरोपी बस क्रमांक सीजी 19 एफ 0450 के चालक के खिलाफ धरा 106 (1), 125 (ए), 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया। दूसरे प्रकरण में कोण्डागांव जिला के विकासनगर निवासी 34 वर्षीय मयंक प्रयाग पिता स्व. युवराज सिंह प्रयाग ने पुलिस को बताया कि कृषि केंद्र संचालक हूं। मेरे पिता युवराज सिंह प्रयाग पिता स्व. विशाल राम प्रयाग 3 मई को अपने दोस्त महेंद्र सागर के बोलेरो वाहन क्रमांक सीजी 17 सी 2852 में अन्य दोस्त मुकेश राठौर, दीपक साहू, जगमोहन भोयर के साथ शादी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए कोण्डागांव से उमरादाह जा रहे थे। वाहन बोलेरो को महेंद्र सागर चला रहा था। शाम करीबन साढ़े 7 बजे रास्ते में पप्पू ढाबा के पास मेन रोड एनएच 30 में ट्रक क्रमांक सीजी 21 एफ 9405 का चालक ने अपने ट्रक को बीच रोड में बिना किसी सुरक्षा संकेत के लापरवाही पूर्वक खड़ा करके रखा था, जिसमें बोलेरो वाहन क्रमांक सीजी 17 सी 2852 टकराकर एक्सीडेंट हो गया। एक्सीडेंट से मेरे पिता युवराज सिंह प्रयाग, महेंद्र सागर, मुकेश राठौर, दीपक साहू, जगमोहन भोयर को चोट लगी, जिन्हें राहगीरों ने 108 एम्बुलेंश से जिला अस्पताल लाकर भर्ती किया। ईलाज के दौरान रात 8.10 बजे मेरे पिता युवराज सिंह प्रयाग की मौत हो गई तथा उनके साथी महेंद्र सागर, जगमोहन भोयर को काफी चोट लगने से डॉक्टर ने उचित ईलाज के लिए रायपुर रिफर कर दिया, जहां उनका ईलाज चल रहा है । शिकायत पर पुलिस ने आरोपी ट्रक क्रमांक सीजी 21 एफ 9405 के चालक के खिलाफ धारा 106 (1), 125 (ए), 285 बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया है।

# पुलिस ने चोरी करने वाले दो महिलाओं को दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

महिला बाल विकास में कार्यरत स्टाफ प्रीती गुप्ता के घर में हुई चोरी के मामले में उनके घर में काम करने वाली महिला कर्मचारी ने अपनी सहेली के साथ मिलकर चोरी की घटना को अंजाम दे दिया। पुलिस ने चोरी हुए आभूषण को जब्त कर लिया है, वहीं नकदी 21 हजार को दोनों महिला चोर ने खर्च होना बताया। पुलिस ने दोनो महिला चोर को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार सुभाषपारा भानुप्रतापपुर निवासी 31 वर्षीय प्रीति गुप्ता पति राहुल गुप्ता ने तीन दिन पहले रिपोर्ट लिखाया था कि 6 माह की मातृत्व अवकाश में घर पर थी। 5 मई को बालोद अपने रिश्तेदार के यहां शादी में गई थी। मेरे पति अपने काम से राजनांदगांव गया था। उसी रात करीबन 12 बजे निकेश्वर



जयते ने फोन के माध्यम से बताया कि शाम करीबन 6 बजे काम पर हाटल गया था। वापिस लगभग साढ़े 11 बजे घर आया तो घर अंदर रखे आलमारी का लॉकर टूटा हुआ था। अलमारी में एक जोड़ी सोने का झुमका कीमत 85 हजार रूपए, एक जोड़ी सोने की कान की बाली कीमत 12 हजार 500 रूपए एवं नकद 21 हजार रूपए 1 लाख 18 हजार 500 रूपए को किसी अज्ञात चोर ने मेरे आलमारी का लॉकर को तोड़कर चोरी कर लिया है। पीड़िता के द्वारा तीन दिन पहले अपराध दर्ज कराने के उपरांत पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू किया। शंका के आधार पर प्रार्थी के यहाँ काम करने वाली 30 वर्षीय रासो गावड़े पति रविराम गावड़े निवासी हावरकोंदल हाल भानुप्रतापपुर निवासी लालच में आकर अपनी सहेली 35 वर्षीय समोतिन बाई सलाम पति अर्जुन सलाम निवासी हामतवाही को हिरासत में लिया। दोनो आरोपियों ने पुलिस की सख्ती के दौरान चोरी करना स्वीकार करते हुए बताया कि हम लोग शराब पीने के आदी है और लालच में आकर चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोरी किए हुए सभी जेवरात को पुलिस ने जप्त किया, केवल नकदी 21 हजार को दोनो आरोपियों ने खर्च करना बताया। दोनो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

# साल्हेटोला पंचायत में रोजगार सहायक पर भ्रष्टाचार के आरोप, जांच शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा

साल्हेटोला पंचायत में मनरेगा और अन्य शासकीय कार्यो में जमकर भ्रष्टाचार हुआ है। मनरेगा में कार्यरत रोजगार सहायक पर भी भ्रष्टाचार के आरोप लगाकर जाँच की मांग किया गया था। जांच शुरू हो गई है और सही ढंग से जाँच किया गया तो कार्रवाई होना तय है। जानकारी के अनुसार विकासखंड चारामा के अंतर्गत ग्राम साल्हेटोला पंचायत में भ्रष्टाचार का मामला सामने आया है।

ग्रामीणों ने पंचायत के रोजगार सहायक सुरेखा कश्यप पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि वह शासकीय योजनाओं में अनियमितता बरती गई है ओर भ्रष्टाचार किया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में चल रहे मनरेगा समेत अन्य शासकीय कार्यों में भ्रष्टाचार हुआ है। इन आरोपों को लेकर ग्रामीणों ने जिला पंचायत कांकेर में लिखित शिकायत दिया गया था। शिकायत में उन्होंने रोजगार सहायक पर निष्पक्ष जांच करते हुए कार्रवाई की मांग किया है। ग्रामीणों के द्वारा लिखित में किए गए शिकायत को गंभीरता से लेते हुए चारामा जनपद पंचायत द्वारा जांच टीम गठित किया गया है। ग्रामीणों ने कहा कि लिखित में जो शिकायत किया है, उसकी सही जांच ग्रामीणों के सामने होनी चाहिए। ग्रामीणों का कहना है कि जाँच कमेटी ने सही ढंग से जाँच नहीं किया और बचाव करने का प्रयास किया गया, तो उनके खिलाफ भी कार्यवाही की माँग उच्च अधिकारियों से किया जाएगा।




## पेज 11 के शेष

### आवेदन देते ही ...

आदेश प्रदान किया गया। इसके लिए बुजुर्ग ठीरली कश्यप ने जहां शासन.प्रशासन के प्रति आभार जताया। वहीं द्वियांग त्रिलोचन के पिता मानसिंह ने इसे सरकार की जरूरतमंदों के प्रति संवेदनशील एवं सजग मदद निरूपित किया। ग्राम टलनार निवासी राजमन एवं मेघनाथ और उलनार के बनमाली तथा पीलूराम ने सुशासन तिहार में किसान क्रेडिट कार्ड के लिए आवेदन किए थे। जिला सहकारी बैंक द्वारा तत्काल आवश्यक दस्तावेजों का जांच कर इन दोनों हितग्राहियों को नवीन किसान क्रेडिट कार्ड बनाकर प्रदाय किया गया। इन दोनों हितग्राहियों ने सरकार को धन्यवाद देते हुए कहा कि अब उन्हें खेती किसानी के लिए सहकारी समिति से खाद बीज सामग्री तथा आवश्यक सहायता राशि प्राप्त हो सकेगी।

### राज्य सरकार की...

है। सभी जागरूक जनसाधारण ने आवेदनों के माध्यम से अपनी मांग रखी है जिसका विभागों द्वारा तत्काल आवश्यक कार्यवाही कर निराकरण किया गया और समाधान शिविर में जानकारी दी जा रही है। शिविर में क्षेत्र के जनप्रतिनिधी और पंचायत पदाधिकारी सहित अनुविभागीय अधिकारी राजस्व ऋषिकेश तिवारी सहित विभन्नि विभागों के जिला और खंड स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

**आम जनता की समस्या-मांगों का त्वरित निराकरण हो रहा-** बस्तर विकासखंड के पखना कोंगेरा में आयोजित समाधान शिविर में जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कश्यप ने कहा प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा पूरे राज्य में सुशासन तिहार के अंतर्गत समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान आम जनता की समस्या.मांगों का त्वरित निराकरण हो रहा है। वहीं शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया जा रहा है।

### राउरकेला से 16 से...

वर्क किया जाना है। एनआई वर्क पूरा होते ही नाई लाइन में गाड़िया दौड़ने लगेगी। मंडल मुख्यालय से जारी आदेश के अनुसार जगदलपुर से राउरकेला 15,16,17 मई को जगदलपुर नही आएगी। जबकि यह ट्रेन राउरकेला से जगदलपुर के मध्य 16,17 व 18 मई को राउरकेला से जगदलपुर नही आएगी।

**अन्य राज्य जाने वालों को होगी परेशानी**-विदित हो इस ट्रेन से बस्तर अंचल के विभिन्न शहरों में निवासत बिहार,झारखंड और उत्तर उत्तरप्रदेश आने-जाने वाले बड़ी संख्या में यात्रा करते है। ऐसे में तीन से चार दिनों तक ट्रेन का परिचालन रोक दिए जाने से इन क्षेत्रों के यात्रियों को काफी समस्यायों का सामना करना पड़ेगा।

### सत भक्ति ही...

अध्याय 15 श्लोक 4 में वर्णित उस परमेश्वर के परम पद को भलीभांति खोजना चाहिए। अन्य पवित्र ग्रंथों के प्रमाण प्रस्तुत कर यह स्पष्ट किया कि केवल तत्त्वदर्शी संत द्वारा बताए गए मार्ग पर चलने से ही मोक्ष संभव है।

### इज्तेमाई निकाह इस्लाम...

बातें बस्तर मुस्लिम डेव्हलपमेंट सोसायटी द्वारा मुस्लिम जमात खाना में रविवार को आयोजित इज्तेमाई निकाह याने सामूहिक विवाह के मुख्य अतिथि महापौर संजय पांडे ने कही। उन्होंने वर एवं वधु से मिलकर उन्हें वैवाहिक जीवन की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हम सब एक नेक काम के लिए एकत्रित हुए हैं। विगत 18 वर्षों से मुस्लिम समाज में सामूहिक विवाह की परंपरा चल रही है। बिना किसी विघ्न के समाज में यह परंपरा लगातार चलती रहे। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि नगर निगम के स्पीकर खेम सिंह देवांगन, पूर्व महापौर जतिन जायसवाल, पद्मश्री धर्मपाल सैनी, डॉ. एस जहीरूद्दीन, वसीम अहमद, अमरीश सिंह, पार्षद जाहिद हुसैन, पूर्व पार्षद बलराम यादव, मो. नबी, शकील अहमद, नवाजुद्दीन गोरे, अकील अहमद, अकरम बिनसेरा, हनीफ खान, अब्दुल रहमान रिजवी, मो. गुलसेर, कसीमुद्दीन कुरैशी, मो. आसिफ, मो. रियाज, मो. शहनवाज खान, शेख अकील, नदीम रेहान गोरी, इमरान अली, बाबा जमिल, मक्कू, सज्जाद खान, गुलगुल सहित समाज के लोग शामिल रहे।

## खबर संक्षेप

### पीएमश्री शाला में 50 बच्चों का किया गया चयन



**लोहंडीगुड़ा।** पीएम श्री स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय के शैक्षणिक सत्र 2025-26 में प्रवेश के लिए 5 मई तक रिक्त सीटों के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए थे। जिसके आधार पर 10 मई सुबह 11 बजे संस्था परिसर में कक्षा पहली के लिए लॉटरी पद्धति से रिक्त 50 सीटों के लिए बच्चों का चयन किया गया। इस प्रक्रिया में शिक्षा समिति अध्यक्ष और एसएमडीसी अध्यक्ष सेजेस बसंत कश्यप, खंड शिक्षा अधिकारी शालिनी तिवारी, एसएमडीसी के सदस्य हैं और विभिन्न संकुल के सीएसी, विमला भण्डारी, प्राचार्य अशोक खापर्डे, पालक और समस्त स्टाफ के मौजूदगी में निष्पक्ष करवाया गया। चयनित छात्रों के दस्तावेज सत्यापन के बाद प्रवेश प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

### 11 पंचायतों के जनप्रतिनिधि व ग्रामीण शिविर में पहुंचे



**बीजापुर।** सुशासन तिहार अन्तर्गत समाधान शिविर का आयोजन भैरमगढ़ ब्लॉक के पुसनार (मंगलनार) में आयोजित हुआ उक्त शिविर में भैरमगढ़ पंचायत के 11 पंचायत ग्राम पंचायत बैल, ताकिलोड़, मर्रामेटा, ईतारपारा, बिरियाभूमि, गुड़साकल, टिण्डोरी, केशकुतुल, हल्लूर, मंगलनार एवं पातरपारा के ग्रामीण सरपंच, पंच, सचिव एवं मैदानी अमला उपस्थित थे। ग्रामीणों के मांग पर ग्राम पंचायत पातरपारा और केशकुतुल में 14 लाख से अधिक राशि के दो नग स्पॉन पुलिया की कलेक्टर संबित मिश्रा ने तत्काल स्वीकृति प्रदान की पारतपारा से लंकापल्ली कोवासीपारा के बीच 7 लाख 6 हजार की लागत से 2 मीटर स्पॉन पुलिया एवं ग्राम पंचायत केशकुतुल में केशकुतुल से केशवमुंडा पारा के बीच 7 लाख 6 हजार के लागत से 2 मीटर स्पॉन पुलिया की स्वीकृति मिली।

## बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंच रहे समाधान शिविर

# सुशासन तिहार बना ग्रामीणों के लिए वरदान

### समाधान शिविरों के जरिए जनसेवा का नया अध्याय



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में इन दिनों सुशासन तिहार की गूंज है, जिसमें सुकमा जिला भी अपनी सक्रिय भागीदारी निभा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य आम जनता की समस्याओं का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण समाधान करते हुए शासन-प्रशासन को जन-जन तक पहुंचाना है।

कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन और जिला सीईओ नम्रता जैन के मार्गदर्शन में सुकमा जिले में 5 मई से

- 50,593 में से 33,216 आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण हुआ

राज्यव्यापी समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में स्वास्थ्य विभाग के द्वारा ग्रामीणों के ब्लड प्रेशर, सुगर आदि स्वास्थ्य की जांच भी की जा रही है। जरूरत मंद पीड़ितों को जरूरी उपचार कर निःशुल्क दवाइयां वितरित की जा रही हैं। बड़ी संख्या में ग्रामीण शिविर में उपस्थित होकर शासकीय योजनाओं से लाभान्वित हो रहे हैं। सुशासन तिहार का पहला चरण 8 से 11 अप्रैल के बीच सम्पन्न हुआ, जिसमें विशेष तैयारियों के तहत सुकमा जिले में जिला कार्यालय, एसडीएम कार्यालय, तहसील कार्यालय, जनपद पंचायतों, नगरीय निकायों और ग्राम पंचायतों में समाधान पेटियां स्थापित की गईं। इन समाधान पेटियों के माध्यम से जनता से कुल 50593 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें मांग, शिकायतें और समस्याएं दर्ज की गई। शासन की मंशा है कि इन आवेदनों का निराकरण गुणवत्तापूर्ण तरीके से किया जाएगा। इनमें से अब तक कुल 33216 आवेदन पत्रों का निराकरण किया गया है। अब तीसरे चरण में 5 मई से 31 मई तक जिले में कुल 39 समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, जिनमें नगरीय क्षेत्र के 13 और ग्रामीण क्षेत्र के 26 शिविर शामिल हैं।

इन शिविरों में न सिर्फ जनसमस्याओं का समाधान किया जा रहा है, बल्कि जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी जा रही है। साथ ही हितग्राहीमूलक योजनाओं के फॉर्म भी वितरित किए जा रहे हैं, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग शासकीय योजनाओं का लाभ उठा सकें। यह अभियान न केवल समस्याओं के समाधान तक सीमित है, बल्कि यह सुशासन की संस्कृति को गांव-गांव और घर-घर तक पहुंचाने का प्रयास है। आम जनता को शासन की योजनाओं और सुविधाओं की जानकारी मिल रही है, और उनकी शिकायतों का समयबद्ध निराकरण किया जा रहा है। इससे जनता और प्रशासन के बीच की दूरी कम हुई है और भरोसा मजबूत हुआ है। आकांक्षी जिला सुकमा में चल रहा समाधान शिविर निश्चित रूप से छत्तीसगढ़ में जनसेवा का नया अध्याय लिख रहा है।

# कलेक्टर ने टॉपर बच्चों को किया सम्मानित





हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा कक्षा 10 वीं और 12 वीं बोर्ड परीक्षा के परीक्षा परिणाम के पश्चात टॉपर छात्र कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव से मिलने पहुँचे। सुकमा जिले का नाम रोशन करने वाली कुमारी प्रियंका मुचाकी ने कक्षा 10वीं में राज्य भर में 6 वां स्थान हासिल किया है। उनके साथ कक्षा 12वीं में सुकमा जिले में प्रथम

- 10वीं की टापर प्रियंका ने कलेक्टर बनने की जताई ईच्छा

स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा कुमारी फलक सारा भी थीं। वे दोनों अपने अभिभावकों के साथ कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव से मिलने कलेक्ट्रेट पहुंचे। कलेक्टर ने दोनों छात्रों को पुस्तक भेंट कर सम्मानित किया।

कलेक्टर ने प्रियंका से पूछा कि क्या आपको उम्मीद थी कि आप मेरिट लिस्ट में आयेंगे और आप आगे क्या करना चाहती हैं। प्रियंका ने बताया कि वे इसके लिए कड़ी मेहनत कर रहे थे। उनकी गणित और विज्ञान विषय में रुचि है और वे आगे चलकर कलेक्टर बनना चाहती हैं। कलेक्टर ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि उनका सपना एक दिन जरूर पूरा होगा। कलेक्टर ने प्रियंका की इस उपलब्धि के लिए उनके माता-पिता और गुरुजनों को बधाई दी। छिंदगढ़ विकासखंड के छोटे से गांव गंजेनार की रहने वाली प्रियंका के पिता रोजगार सहायक हैं।

उनके माता गंगी मुचाकी और पिता जोगा राम बेटी की इस उपलब्धि पर बहुत प्रसन्न है। 12वीं टॉपर सारा अली के पिता समाज सेवी फारुख अली एवं उनके स्कूल के प्राचार्य व शिक्षक सभी को कलेक्टर ने शुभकामना एवं बधाई दी। मुलाकात के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी जीआर मांडवी, जिला परियोजना समन्वयक आशीष राम साथ थे।

# अजय जामवाल एवं पवन साय ने देवी दंतेश्वरी के किए दर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल एवं प्रदेश महामंत्री संगठन पवन साय ने सेना के जवानों एवं बस्तर के सैनिकों के कुशलता की कामना के लिये दंतेवाड़ा स्थित बस्तर की आराध्य देवी माँ दंतेश्वरी के दर्शन किये। ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारत द्वारा की जा रही कार्यवाही की सराहना की। क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने कहा की भारत की सैन्य शक्ति एवं सेना का अद्वितीय साहस देश के लिए समर्पण का प्रतिक है। भारतीय सेना के जाबाज लगातार अपना पराक्रम दिखा रहे है। सैन्य शक्ति के उच्च मनोबल के लिये एवं बस्तर के जवानों के लिये माँ दंतेश्वरी से मंगल कामना की है। इस अवसर पर मुख्य रूप से संभाग प्रभारी रजनीश सिंह, सह प्रभारी निरंजन सिन्हा, जिला पंचायत अध्यक्ष नन्दलाल मुडामि, संग्राम सिंह राणा, दीपक बाजपेई, मुकेश शर्मा, सत्यजीत चौहान, नीलम ठाकुर, सोडमू कोर्राम सहित भाजपा कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।

# विद्यार्थियों को अन्य गतिविधियों में भाग लेने करें प्रोत्साहित : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम



भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय के अधीन राष्ट्रीय आदिवासी छात्र शिक्षा समिति द्वारा संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय जिला दंतेवाड़ा की जिला स्तरीय समिति की बैठक शंखनी सभाकक्ष में आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर कुणाल दुदावत ने की। इस बैठक में सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग राजीव कुमार नाग, सहायक संचालक समाज कल्याण विभाग संतोष टोप्पो, नवोदय विद्यालय बारसूर प्राचार्य धर्मेंद्र यादव, केंद्रीय विद्यालय दंतेवाडा प्राचार्य के एल मीणा, एकलव्य विद्यालय कटेकल्याण प्राचार्य कुलदीप सिंह, दंतेवाडा प्राचार्य दीपक सिंह और कुआकोंडा प्राचार्य कमल जी व अन्य समिति सदस्यों ने भाग लिया।बैठक के दौरान कलेक्टर कुणाल दुदावत ने सभी विद्यालयों के प्राचार्यों के साथ एजेंडावर समीक्षा की और निर्देश दिए कि सभी विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए।

उन्होंने छात्रों के स्वास्थ्य, खाने-पीने की व्यवस्था और प्रदान की जाने वाली सभी सुविधाओं को समय पर उपलब्ध कराने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि छात्रावास में समुचित व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाए। प्राचार्यों ने अपने-अपने विद्यालयों के वर्ष भर की गतिविधियों का ब्योरा बैठक में रखा, जिस पर कलेक्टर महोदय ने संतोष जताया। बैठक में कलेक्टर महोदय ने सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग को विद्यालयों के भवन निर्माण में तेजी लाने का आदेश दिया। उन्होंने निर्देश दिया कि इस संबंध में अगली बैठक तक ठोस कार्रवाई की जाए और प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। इसके अतिरिक्त कलेक्टर महोदय ने चारों विद्यालयों के प्राचार्यों को निर्देश दिया कि विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ अन्य गतिविधियों में भी भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाए।

# शोकसभा में भाजपा नेत्री रानी चेरपा को दी गई श्रद्धांजलि



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

भाजपा महिला मोर्चा की सक्रिय कार्यकर्ता रानी चेरपा (65) का उपचार के दौरान रायपुर के एक अस्पताल में निधन हो गया। उनके निधन पर आयोजित शोक सभा में अंजू रॉय पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष की अध्यक्षता में रानी चेरपा को श्रद्धांजलि अर्पित किया गया।

अंजू रॉय ने बताया कि वह एक सच्ची, मृदुभाषी, कर्मठ एवं सामाजिक कार्यकर्ता थी। वह मेरे लिए एक कार्यकर्ता नहीं मेरी बचपन की साथी थी। हम सबके लिए यह अत्यंत दुःख की घड़ी है, हमने एक अच्छे कार्यकर्ता को खो दिया है। ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि उनके परिवार को इस दुःख को सहने की शक्ति दे एवं उनकी आत्मा को शांति दे। शोकसभा में अनीता श्रीवास्तव, लक्ष्मी कश्यप, पार्वती कश्यप, महिला मोर्चा, मीना साहू, मनीषा तिवारी वरिष्ठ कार्यकर्ता, सुधा मिश्रा, बिजली वैध, माया बराई, ममता सरकार, माधुरी मण्डल, त्रिवेणी राधारी, माहेश्वरी ठाकुर, नीलम झा, चमेली यादव, दुर्गा मंडल, गोदावरी साहू, गीता नाग, मीना विश्वकर्मा, ममता राणा, रोशन सिसोदिया, मेलादेवी जायसवाल, रुक्मिणी यादव, मालती सिंह, लीला पॉल, अनीता रॉय, पार्वती मण्डल, उर्मिला मेश्राम, कृष्णा नायडू अन्नपुर्णा नायडू मौजूद रहें।

# गर्मी से झुलसा शहर, बिजली गायब जीना हुआ कठिन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपालपटनम



भोपालपटनम ब्लॉक समेत आसपास के क्षेत्रों में इन दिनों लोग दोहरी मार झेल रहे हैं, एक तरफ आसमान छूता तापमान और दूसरी तरफ लगातार गायब होती बिजली। 45 डिग्री सेल्सियस की भीषण गर्मी में लोग अपने घरों में बंद होने को मजबूर हैं, लेकिन वहां भी राहत नहीं क्योंकि बिजली की गैरमौजूदगी ने कूलर, पंखे और सभी राहत देने वाले उपकरणों को ठप कर दिया है। यह स्थिति न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक रूप से भी लोगों को थका रही है।

स्थानीय जनता का आरोप है कि बिजली विभाग को कई बार शिकायतें दर्ज करवाई गईं, लेकिन न कोई सुनवाई हो रही है और न ही कोई स्थायी समाधान सामने आया है। विभाग की कार्यशैली में न तो तत्परता है और न ही जमीनी कार्रवाई। शिकायतों का निपटारा केवल कागजों में सीमित रह गया है। इस लापरवाही के कारण आम जनता का भरोसा विभाग से उठता जा रहा है।

### तपते घर, बुझते चेहरे, बिजली कटौती ने बिगाड़ा जनजीवन

बिजली की अनियमितता ने आम लोगों के जीवन की लय ही तोड़ दी है। गर्मी से जूझते लोगों के चेहरों पर अब झुंझलाहट और थकावट साफ देखी जा सकती है। बच्चे भी खेल कर लौटने के बाद चैन की सांस नहीं ले पा रहे, बुजुर्गों के लिए यह मौसम किसी सजा से कम नहीं है और मरीजों की हालत तो और भी गंभीर हो रही है। जब न दिन सुकून देते हैं और न रात सुलाती है, तो ऐसे में जनजीवन बुरी तरह अस्त-व्यस्त हो जाता है।

### कब आएगी बिजली, सवाल वही, जवाब कोई नहीं

लोग अब इस प्रश्न के साथ जीने के आदि हो गए हैं, बिजली कब आएगी' लेकिन इस सवाल का कोई निश्चित जवाब नहीं है। कभी अचानक बिजली चली जाती है और घंटों नहीं आती। विभाग की ओर से कोई सूचना नहीं, न ही कोई जवाबदेही। लोगों को अंदाजा भी नहीं होता कि वे कब तक इंतजार करें। ऐसे में पूरे क्षेत्र में अनिश्चितता और नाराजगी का माहौल व्याप्त है।

### अब आश्वासन नहीं, स्थायी समाधान चाहिए

गांव और शहर के लोग अब केवल विभागीय जवाबों से संतुष्ट नहीं हैं। उन्हें चाहिए ठोस कदम, स्थायी समाधान और नियमित विद्युत आपूर्ति। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और प्रशासन से भी इस मुद्दे पर कोई ठोस हस्तक्षेप नहीं दिख रहा। अब जनता में यह भावना गहराने लगी है कि अगर समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो बड़ा जनआंदोलन खड़ा हो सकता है।

### निराकरण की प्रक्रिया जारी



132 केवी विद्युत लाइन नूकनपाल से होकर गुजर रही है, जिसकी लंबाई अत्यधिक है और यह घने जंगलों से होकर निकलती है। इस कारण, तेज आंधी या तूफान आने की स्थिति में यह लाइन प्रभावित हो जाती है। ऐसी सभी संभावित स्थलों की पहचान की जा रही है जहाँ से बाधा उत्पन्न होने की संभावना है और हमारी टीम द्वारा त्वरित समाधान एवं स्थायी निराकरण की प्रक्रिया सतत रूप से जारी है।

-डीआर उर्वसा, ईई बीजापुर

### सालाना 5 लाख तक बुजुर्गों का इलाज होगा मुफ्त



**सुकमा।** कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन तथा मार्गदर्शन में जिले में 70+उम्र के नागरिकों का आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। आपके द्वार आयुष्मान अभियान के तहत आयुष्मान मित्रों के द्वारा दूरस्थ बसाहटों में जाकर ग्रामीणों के आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे हैं ताकि उन्हें शासकीय योजनाओं से लाभान्वित किया जा सके। नगरपंचायत दोरनापाल में वार्डों में स्वास्थ्य कर्मियों के द्वारा घूम-घूमकर बुजुर्ग नागरिकों का आयुष्मान कार्ड बनाया गया। इसके पश्चात तत्काल उन्हें ऑनलाइन डिजिटल आयुष्मान कार्ड प्रदान किया गया। शासन के इस योजना से दोरनापाल निवासी चारू बाला बोस उम्र 71 वर्ष, नीलू बाला शाह उम्र 80 वर्ष, माड़वी गंगी उम्र 82 वर्ष और जोगी राम यादव उम्र 84 वर्ष को आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य-शहीद वीर नारायण सिंह आयुष्मान स्वास्थ्य योजना का कार्ड प्रदान किया गया।

# भाजपा के जनप्रतिनिधियों की बैठक में बड़े नेताओं ने किया मार्गदर्शन






हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

भाजपा क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, प्रदेश अध्यक्ष व जगदलपुर विधायक किरण देव, बस्तर सांसद महेश कश्यप, बस्तर संभाग प्रभारी रजनीश सिंह, बस्तर संभाग सह प्रभारी निरंजन सिंहा, दंतेवाड़ा जिला संगठन प्रभारी श्रीनिवास मद्दी दंतेवाड़ा पहुंचे।

दंतेवाड़ा आगमन पर भाजपा कार्यालय चितालंका में विधायक चैतराम अटामी, जिला अध्यक्ष संतोष गुप्ता, जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुडामि समेत भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ताओं ने शीर्ष नेताओं का पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया।

सर्वप्रथम सभी शीर्ष नेताओं ने भाजपा कार्यालय चितालंका में स्थित बस्तर माटी पुत्र व पूर्व सांसद स्व बलिराम कश्यप की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। भाजपा कार्यालय में जिलाध्यक्ष कक्ष का उद्घाटन शीर्ष नेताओं के करकमलों द्वारा किया गया एवं जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता को सभी ने शुभकामनाएं प्रेषित किया तत्पश्चात भाजपा कार्यालय में बीजापुर भाजपा की संगठनात्मक बैठक में बीजापुर भाजपा जिलाध्यक्ष घासीराम नाग समेत जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी व सभी कार्यकर्ता शामिल हुए एवं शीर्ष नेताओं ने उनका मार्गदर्शन किया। इसके पश्चात जिला ग्रंथालय में आयोजित भाजपा दंतेवाड़ा के समर्थित जनप्रतिनिधियों की बैठक में शीर्ष नेताओं ने पहुंचकर मार्गदर्शन किया। इस दौरान संगठनात्मक कार्यों एवं आगामी योजनाओं पर विस्तृत चर्चा करते हुए सुशासन सरकार की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे यह सुनिश्चित किया गया। जनप्रतिनिधियों को जनता ने जो जिम्मेदारी दी है उसको पूरी निष्ठा से निभाने एवं इसके लिए सभी एक सेवक के रूप में निरन्तर कार्य करें यह संदेश दिया गया।

# बच्चों को पढ़ाई के अलावा कला, कौशल, रोजगार मूलक शिक्षा मिले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम



सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय गीदम में विभागीय प्रबंध समिति जगदलपुर का एक दिवसीय सम्मेलन आयोजित किया गया।

इसमें जगदलपुर विभाग के 12 विद्यालय से प्राचार्य, समिति के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष, सचिव, सह सचिव एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विवेक सक्सेना प्रादेशिक सचिव सरस्वती शिक्षा संस्थान छत्तीसगढ़, संगठन मंत्री डॉक्टर देवनारायण साहू, संभाग समन्वयक संगम लाल पांडे ने मां भारती की पूजा अर्चना व वंदना से कार्यक्रम की शुरुआत की। अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ, अंग वस्त्र, तिलक वंदन, श्रीफल,डायरी, पेन से स्थानीय विद्यालय के समिति व पूर्व छात्र के भैया बहनों ने किया। उमेश सोनी, युगल किशोर सोनी, रुपेश सोनी, मनीष साहू द्वारा उपहार सामग्री की व्यवस्था की गई थी। सम्मेलन विद्यालय को सुदृढ़ करने व बच्चों को पढ़ाई के अलावा कला, कौशल, रोजगार मूलक शिक्षा देने हेतु रखा गया। इसमें आगामी सत्र हेतु योजना बनाई गई। विद्यालय में शिशु कक्षा के लिए उनके अनुकूल वातावरण का निर्माण करने को कहा गया। अनुशासन, संस्कार, संगीत शिक्षा पर जोर देते हुए भैया बहनों का सर्वांगीण विकास करने के लिए कहा गया। विवेक सक्सेना ने कहा अपने विद्यालय को उत्कृष्ट एवं गुणवत्ता युक्त विद्यालय बनाने के लिए हम सबको समिति व समाज के प्रबुद्ध वर्ग के लोगों को जोड़कर करना होगा।

कार्यक्रम प्रातः 9 बजे से शाय 5 बजे तक चला। कार्यक्रम के अंत में नई शिक्षा नीति लागू करने व उनके नियमों की बात कर शांति मंत्र के साथ कार्यक्रम समापन किया गया। इस सम्मेलन में जगदलपुर, तोगपाल, सुकमा, दंतेवाड़ा, गीदम, हीरानार, भैरमगढ़, बीजापुर, भोपालपटनम के प्रधानाचार्य व प्राचार्य व समिति के सदस्य उपस्थित रहे।



## खबर संक्षेप

### महाराणा प्रताप जयंती पर किया नमन



**जगदलपुर।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ने शहर के लालबाग आमागुड़ा स्थित महाराणा प्रताप चौक में महाराणा प्रताप की विशाल प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर पूजा अर्चना कर द्वीप प्रज्वलित किया गया। साथ ही जयघोष गुंजायमान किया गया महाराणा प्रताप अमर रहे,जब तक सूरज चांद रहेगा, महाराणा प्रताप जी का नाम रहेगा, इन नारों के साथ वीर शिरोमणि की जयंती मनाई गई। समाज के लोगों ने मिठाइयां बांटकर धूमधाम से खुशियां मनाई। अखिल भारतीय महासभा के अध्यक्ष श्रवण सिंह चौहान ने कहा कि महाराणा प्रताप यह वीरता और वचन की एक अद्भुत मिशाल है। उन्होंने अपने जीवन में कठिन संघर्ष करके भारत वासियों को मुगलों के आतंक एवं जुल्मों से मुक्ति दिलवाने का काम किया। ऐसे महापुरुष के त्याग और बलिदान को भूलाया नहीं जा सकता। संघ के सचिव कैलाश चौहान ने बताया कि महाराणा प्रताप के जीवन और उनके दिए शिक्षा पर चलते हुए हमें देश की मजबूती के लिए काम करना होगा।

### पेंशनर्स महासंघ ने किया आंदोलन का शंखनाद

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा मोदी की गारंटी को पूरा करने का ढिंढोरा तो पीटा जा रहा है, किंतु जमीनी हकीकत यह है कि छ सवा लाख बुजुर्ग पेंशनर मोदी की गारंटी के तहत महंगाई राहत नहीं दिए जाने से अत्यंत दुखी और नाराज हैं। प्रदेश के बुजुर्गों को समय पर उनका हक नहीं देना निःसंदेह अन्याय है। पेंशनर इस अन्याय के विरुद्ध एक जुट हो गए हैं और सड़क में आकर आंदोलन करने का मन बना चुके हैं। बेहतर यही होगा कि शासन पेंशनरों की लंबित मांगों को शीघ्र पूरा करे। उक्त बातें भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ बस्तर संभाग के अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय मंत्री रामनारायण ताटी ने मीडिया को जारी बयान में यह बात कही है। ताटी ने कहा कि यह कैसी व्यवस्था है एक तरफ प्रदेश के सवा लाख पेंशनर आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं वहीं दूसरे तरफ प्रदेश सरकार सुशासन तिहार मनाने में व्यस्त है। छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा पेंशनरों को महंगाई राहत मोदी की गारंटी के तहत नहीं दिए जाने से न केवल छत्तीस गढ़ के पेंशनर बल्कि मध्य प्रदेश के पेंशनर भी पीड़ित हैं। टाटी ने कहा केंद्र द्वारा देय तिथि जुलाई 24 से 3 प्रतिशत महंगाई भत्ते का आदेश जारी किया, किंतु वहीं सरकार की सहमति नहीं मिलने के कारण पेंशनरों को जुलाई 24 के जगह मार्च 25 से 3 प्रतिशत महंगाई राहत दिए जाने का आदेश किया गया।

## नाबालिग 2 बेटों के पालन-पोषण में मां का त्याग और तपस्या के साथ संघर्ष

# नक्सल मुठभेड़ में पिता हुए शहीद पुत्र भी नक्सल मोर्चे पर तैनात

सुरेश रावल ⏭ जगदलपुर

विशेष

लगभग 30 साल की उम्र में पति को खोने के बाद पत्नी मायादेवी के सामने पहाड़ जैसी लंबी जिदंगी थी। 2 छोटे बच्चों को पालने और पति के नक्सल हिंसा में शहीद होने का बड़ा दुख यह दोनों मायादेवी के सामने आगे की जिदंगी कैसे कटेगी यह बड़ा सवाल था। लेकिन पति की वीरता के आगे उसने भी संघर्ष और त्याग, तपस्या के मार्ग को चुना। कोबरा 204 बटालियन में सिपाही जीडी के पद पर बस्तर में तैनात मनफुल यादव ने हरिभूमि से चर्चा में कहा कि 21 अक्टूबर 2011 का वह दिन था जब बीजापुर जिले में नक्सली मुठभेड़ में गोली लगने से पिता रामअवतार यादव शहीद हुए थे। वे बटालियन 48 में थे और 111 में अटैच थे। उसी दिन रात करीब 12 और 1 बजे के बीच मां के पास फोन आया कि आपके पति शहीद हो गए, उनका शव भेजा जा रहा है। उस वक्त मेरी उम्र 13-14 साल की थी। परिवार में मां के अलावा एक छोटा भाई भी है। फ्लाईट से दिल्ली होते हुए हमारे गांव राजस्थान के अलवर जिले के बैराडे तहसील के लछीवास गांव पिता का शव पहुंचा। पूरा माहौल गमगीन था, लोग रो रहे थे। राजकीय सम्मान के साथ अंतिम यात्रा में पिता की विदाई हुई। बचपन का वह दिन था जब पिता का साया सर से उठ गया। जवानी में मां बेवा हो गई। धीरे-धीरे सब समझ में आने लगा। मां के अलावा हम दोनों भाईयों के ऊपर कोई अन्य का सहारा नहीं था। मां ने हम दोनों भाईयों को अच्छी परवरिश दी। दिन-रात मेहनत करती हुई उसका पूरा जीवन संघर्ष में बीता। 18 साल पूरा होने के बाद सीआरपीएफ में मुझे नौकरी मिली। उसने कहा पति को फोर्स में जान गंवाने के बाद भी मां ने देशभक्ति और त्याग का उदाहरण प्रस्तुत करते मुझे फोर्स की नौकरी में भेजने में थोड़ी भी परेशान नहीं हुई। मां के त्याग और संघर्ष के कारण हम 2 भाईयों का जीवन सही दिशा में चल रहा है। 12वीं पास के बाद मेरी नौकरी लग गई और छोटा भाई अभी पढ़ रहा है। मां गांव में ही रहकर भाई को पढ़ाने और उसे भी योग्य बनाने के लिए संघर्ष कर रही है।

## पति के शहादत के बाद पुत्र को फोर्स में मां ने भेजा

### पहली पोस्टिंग नागालैण्ड में

मनफुल यादव ने कहा मेरी पहली पोस्टिंग नागालैण्ड में हुई, जहां साढ़े 3 साल नौकरी के बाद बस्तर में 2 साल से सीआरपीएफ में पदस्थ हूं। करनपुर, जगदलपुर, पामेड़ और चिंतावागु में काम करने का मौका मिला है। उन्होंने कहा मेरी शादी हो गई। 3 साल का बेटा स्कूल में है। अभी गर्मी छुट्टी में पत्नी और बेटा को घुमाने बस्तर लाया हूं। वे भी मां के पास राजस्थान के गांव में रहते हैं। कुछ दिन बाद गांव चले जाएंगे।



शहीद रामावतर यादव



मायादेवी



मनफुल

### नक्सल हिंसा से कई परिवार प्रभावित

मनफुल यादव ने कहा कि बस्तर नक्सल प्रभावित क्षेत्र है जहां छत्तीसगढ़ के अलावा कई प्रांत के युवा पुलिस और सीआरपीएफ समेत अन्य बलों में नौकरी करते हुए क्षेत्र में शांति और जान माल की सुरक्षा के लिए काम कर रहे हैं लेकिन नक्सली हिंसा चाहते हैं। वे आतंक के बल पर आम नागरिकों को परेशान तो करते ही है वहीं मेरे जैसे फोर्स के कई अन्य साथी भी हैं जिन्होंने अपने पिता को खोया है। ऐसा संकट किसी पर ना आए इसलिए यहां शांति जरूरी है।

### नक्सलवाद खत्म होना चाहिए

बीजापुर जिले में जब मेरे पिता की शहादत 2011 में हुई उस समय उनकी उम्र केवल 38 साल की थी। हमने पिता को खोया और मां को रोते और संघर्ष करते देखा। मनफुल ने कहा नक्सलवाद से हमारे जैसे सैकड़ों परिवार पर संकट आया और कई परिवार बर्बाद भी हुए। नक्सली हिंसा से फोर्स और जनता को भारी नुकसान हो रहा है। मैं चाहता हूं नक्सल समस्या पूरी तरह खत्म हो जानी चाहिए। इसके लिए सरकार को कड़े कदम उठाने चाहिए। मुझे गर्व है कि मैं सीआरपीएफ में सिपाही होकर देश की सेवा कर रहा हूं। यह सेवा का मौका हर किसी को नहीं मिलता। मां की सेवा और संघर्ष के बदौलत ही यह जिदंगी मिली है।



## महाराणा प्रताप की जयंती मनाई गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

डॉ व्हीएस राजपूत की अध्यक्षता में महाराणा प्रताप की जयन्ती मनाया गया जिसमे उपसमिति के पदाधिकारी महिला मंडल एवं सदस्यगण उपस्थित हुये। कार्यक्रम की शुरुवात महाराणा प्रताप के छायाचत्रि में तिलक लगाकर एवं दीप प्रज्वल्लित किया गया। जिसके पश्चात सभी का तिलक लगा कर स्वागत किया गया। डॉ पी एस बैस ने उपसमिति के सभी सदस्यों से सहयोग करने को कहा। डॉ व्ही एस राजपूत ने उपसमिति को एकता बनाये रखने कहा।सभी के योगदान से ही उपसमिति का कोई भी कार्यक्रम सफल होगाण सभी ने उत्साह पूर्वक महाराणा प्रताप जयन्ती मनाया। आभार प्रकट सह सचिव सतीश कुमार ठाकुर ने कियाण कार्यक्रम का संचालन सचिव ठाकुर नोहर सिंह राजपूत ने किया इस मौके पर ठाकुर राजेन्द्र सिंह ठाकुर प्रकाश चन्द्र सिंह ठाकुर सतीश कुमार राम सिंह राजपूत वरष्टि सदस्य ठाकुर लखन सिंहए ठाकुर शत्रुघन सिंह महिला मंडल से अध्यक्ष सुषमा राजपूत सचिव सुरेखा चंदेल किरण ठाकुर इंदु ठाकुर गया राजपूत रम्भा ठाकुर मधु ठाकुर रानू ठाकुर निकिता ठाकुर ठाकुर एश्वर्य कुमार ठाकुर कुनाल सिंह राजपूत और लावण्या राजपूत मौजूद रहें।

## काम का दबाव, पान ठेले में सरकारी काम ...



जगदलपुर। पंचायत सचिव पर केवल ग्राम पंचायत के विकास का ही काम नहीं है बल्कि षिक्षकों की तरह उनसें कई तरह के अन्य काम भी काम कराये जाते है। काम का दबाव होने के कारण लोहंडीगुड़ा ब्लॉक के तीन पंचायत के सचिव अपने पंचायत का सरकारी काम ब्लॉक मुख्यालय में एक पान के ठेले के सामने करते दिखाई पड़े। ऐरंडवाल पंचायत का सचिव इंद्रेष नागेष, बांधनपाल का सचिव विषाल ठाकुर और कुथर का सचिव टुमन खापरडे ने हरिभूमि से कहा कि जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र ऑनलाइन भरने का काम गांव में नेटवर्क नहीं होने से यहां कर रहे हैं। सरकारी योजना राज्य और केन्द्र सरकार की जानकारी और अन्य विकास संबधित कार्य करना पड़ता है। चर्चा के बीच जनपद पंचायत लोहंडीगुड़ा के सीइओ अपनी कार के साथ वहां पहुंच गये। षनिवार अवकाष का दिन था समाधान षिविर के लिए जगह देखने ये तीनो सचिव साहब के साथ एक अन्य गांव रवाना हो गये।

## ग्रंथालय के पाठकों ने अव्यवस्था को लेकर सौंपा आवेदन

**जगदलपुर।** शहर के लाला जगदलपुरी में बढ़ती अव्यवस्थाओं और सुविधाओं की कमी को लेकर रविवार को नियमित पाठकों के एक प्रतिनिधिमंडल ने पुस्तकालय प्रबंधन को लिखित आवेदन सौंपा। आवेदन में पाठकों ने बताया कि यहां कंप्यूटर सेक्शन लंबे समय से बंद है, जिससे डिजिटल पढ़ाई बाधित हो रही है। बैठने की कुर्सियाँ टूटी हुई हैं जिससे अध्ययन का वातावरण प्रभावित हो रहा है। पाठकों ने शौचालयों की खराब स्थिति और स्वच्छता की कमी को लेकर भी असंतोष जताया। प्रतिनिधियों ने सुझाव दिया कि कंप्यूटरों में ई-बुक्स और अन्य डिजिटल अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराई जाए और सुरक्षा के लिए एक गार्ड की नियुक्ति की जाए ताकि पुस्तकालय का वातावरण शांत और सुरक्षित बना रहे। इस दौरान राहुल कुमार पांडे,रोहन कुमार,हरीश साहू,शुभम दुबे,जय बंजारे,कर्तव्य आचार्य,मनीष कुमार और मिंटू पांडेय सहित अनेक पाठक उपस्थित रहे।

## सुखी पढ़ी इंद्रावती नदी आई अपने स्वरूप में

## बस्तर के किसानों को मिली राहत



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बस्तर जिले में इन्द्रावती नदी पर बने लगभग 10 आधा दर्जन से ज्यादा एनीकेटों में पानी का स्तर बढ़ने से बस्तर के किसानों के चेहरे पर मुस्कान लौट आई है। लगभग दो महीने से परेशान किसानों को अब जाकर पूर्ण राहत मिलती हुई दिखाई दे रही है। ओडिशा के कोरापुट जिला अंतर्गत कोटपाड़ ब्लाक के संगम स्थल ग्राम सुतपदर में जोरानाला कंट्रोल स्ट्रेक्चर के नदी किनारे जमे रेत की टीला की सफाई की थी और वहां से रेत, पत्थर और बड़े-बड़े चट्टानों को हटाया गया था। इसके बाद धीरे-धीरे इंद्रावती नदी का प्रवाह बस्तर की ओर प्रभावित होने लगा और चित्रकोट से जगदलपुर तक बने सभी एनीकेटों में पानी जमा होना शुरू हो गया। पहले खाली पड़े इन्द्रावती नदी तट पर स्थित ग्राम नदीसागर में बच्चे क्रिकेट खेलते नजर आते थे, लेकिन अब पानी लबालब भरने लगा है। धीरे-धीरे किसानों को एनीकेट के जरिए नदी से पानी मिलना शुरू हो गया है। इससे किसानों को अपनी फसलों की सिंचाई करने में मदद मिलेगी।

इंद्रावती नदी को लेकर दोनों सरकारों के बीच पानी देने को लेकर लगातार बातचीत हो रही है। केंद्र स्तर से दोनों राज्यों को बॉर्डर में जमा पानी को 50-50 फीसदी देने की सहमति बन गई है। साथ ही आने वाले समय में इंद्रावती जल समस्या को देखते हुए 2 बैराज का निर्माण की स्वीकृति सरकार ने भी दे दी है जिसके बनने से बस्तर के किसानों को सिंचाई के लिए होने वाले समस्या से निजात मिलेगा।

## समुदायों को वनाधारित आजीविका से जुड़ने का मिलेगा अवसर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- वन मंत्री व पीसीसीएफ ने शुरू किया सुकमा जिले के 3 रेंज
- नक्सल प्रभावसे बंद था रेंज पर सुरक्षा बलों के चलते रेंज की स्थापना




वन मंत्री केदार कश्यप एवं प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं प्रमुख वन बल के श्रीनिवास राव के निर्देशानुसार सुकमा वन मंडल ने एक ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए तीन दशक बाद फिर से गोलापल्ली, किस्तारम एवं जगरगुंडा में वन रेंज कार्यालयों की स्थापना की है। ये क्षेत्र लंबे समय तक नक्सल प्रभावित रहे हैं, जिसके कारण विभागीय गतिविधियां बाधित थीं। अब स्थायित्व और सुरक्षा बलों की बहाली के साथ वन विभाग ने क्षेत्र में पुनः अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज की है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य वनवासियों को वन विभाग की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सीधे उपलब्ध कराना है। स्थानीय समुदायों को इससे वनाधारित आजीविका, वन संसाधन प्रबंधन और सरकारी सहायता योजनाओं से जुड़ने का अवसर मिलेगा। स्थानीय लोगों ने वन विभाग की इस पहल का खुले दिल से स्वागत किया है और इसे एक नए युग की शुरूआत के रूप में देखा है। क्षेत्रवासियों का विश्वास फिर से बहाल हो रहा है और प्रशासनिक पहुंच बढ़ने से विकास कार्यों को गति मिलेगी। वन विभाग ने यह भी बताया कि गोलापल्ली, किस्टारम एवं जगरगुंडा में और भी कार्यालयों एवं आवासीय भवनों के निर्माण की योजना बनाई जा रही है, जिससे विभागीय कार्य संचालन और अधिक प्रभावी और स्थायी हो सके। वन विभाग छत्तीसगढ़ का यह कदम वनवासियों की सेवा, विकास और संरक्षण के प्रति उसकी दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाता है। वन विभाग की यह पहल न केवल प्रशासनिक उपस्थिति को पुनर्स्थापित करती है, बल्कि वनवासियों के साथ विश्वास और विकास की नई शुरूआत को भी दर्शाती है।

### सीसीएफ ने बढ़ाया मनोबल

वन विभाग बस्तर वृत्त के मुख्य वन संरक्षक आरसी दुग्गा एवं सुकमा वन मंडलाधिकारी अक्षय भोसलें ने किस्टारम एवं गोलापल्ली स्थित नवस्थापित रेंज कार्यालयों का दौरा कर विभागीय कर्मचारियों से मुलाकात की और उनका मनोबल बढ़ाया। उन्होंने कहा कि यह कदम केवल कार्यालय खोलने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह वनवासियों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में एक स्थायी प्रयास है।

## क्षय रोग नियंत्रण पर हुई बैठक में चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



बस्तर जिले के स्वास्थ्य विभाग के जिला नोडल अधिकारी कार्यालय, जिला क्षय रोग नियंत्रण कार्यक्रम में जिले भर के सीनियर ट्रीटमेंट सुपरवाइजर और सीनियर ट्रीटमेंट लेबोरेटरी सुपरवाइजर की बैठक अधिकारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाक और जिला क्षय रोग नियंत्रण अधिकारी डॉ. सी. मैत्री की उपस्थिति में संपन्न हुई। बैठक में बस्तर जिले के क्षय रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत कार्यरत सभी एसटीएस और एसटीएलएस शामिल रहे। सीएमएचओ द्वारा इस समीक्षा बैठक में जोखिम वाले जन समूह का रजिस्ट्रेशन से लेकर, उनके एक्स-रे, टू नॉट जांच और पॉजिटिव केस के उपचार और वितरित फूड बास्केट के बारे में सूक्ष्मता से जानकारी ली। विभाग के प्रभारी जिला मीडिया अधिकारी शकील खान ने बताया कि समीक्षा बैठक में महेश कश्यप, धनीराम यादव, दीपेश्वर साहू, भोलानाथ माझी, गंगा शंकर साहू, भारत नेताम, फेकू राम मरावी, अशोक बघेल, वंदना साहू, दिनेश कश्यप और जिला सलाहकार कमलेश वर्मा मौजूद रहे।



## आपरेशन सिंदूर की सफलता पर हुआ दीप यज्ञ

**जगदलपुर।** कश्मीर के पहलगाम में हिंदू पर्यटकों के नरसंहार के बाद भारत ने पाकिस्तान स्थित आतंकी कैंप पर हमला बोल दिया था। भारत सरकार ने इस हमले को आपरेशन सिंदूर नाम दिया था। इस आपरेशन की सभी कमान मातृ शक्तियों को सौंपी गई थी। इन महिला शक्तियों ने इस आपरेशन को पूरी सफलता से अंजाम तक पहुंचाया है। इन्हीं नारी शक्ति को सम्मान देने गायत्री शक्तिपीठ में रविवार की शाम को दीप यज्ञ का आयोजन किया गया। दीप यज्ञ के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि देश की आन- बान व शान को बचाने व बनाए रखने महिलाएं सशक्त व तैयार हैं। आयोजन में शहर के विभिन्न धार्मिक, सामाजिक, सांस्कृतिक क्षेत्र की सक्रिय सदस्यों ने अपनी सहभागिता दी। इस मौके पर जयश्री श्रीवास्तव, गीता शर्मा, सुप्रिया श्रीवास्तव, अमृता दहिया, कमला बघेल, आशा डोडिया, शारदा पटेल, इंदू पटेल, नंदा कलकोटवार, पी किरण व अन्य शामिल थीं।

## हरिनाम महामंत्र के धार्मिक आयोजन में झूमे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- लक्ष्मीनारायण मंदिर में भगवान श्रीकृष्ण और श्रीराम की हुई पूजा अर्चना





शहर के प्रवीर वार्ड पनारापारा स्थित लक्ष्मीनारायण मंदिर में रविवार को अखण्ड हरिनाम महामंत्र का धार्मिक आयोजन प्रारम्भ हुआ। पूर्वान्ह 11 बजे वैदिक पंडितों के वेद ध्वनि एवं स्वस्ति वाचन के द्वारा विधिविधान के साथ भगवान श्री कृष्ण और श्री राम की पूजा एवं अर्चना की गई। पंडित किशोर तिवारी व पंडित चन्दन तिवारी के साथ आचार्य पंडित रोमितराज त्रिपाठी इस अनुष्ठान में मुख्य रूप से उपस्थित थे। इसके पूर्व दर्जनों ग्रामों से पहुंचे आदिवासी व अन्य मातृ शक्ति इन्द्रावती नदी से जल लेकर कलश यात्रा निकाल लक्ष्मीनारायण मन्दिर पहुंची। ततपश्चात पूजा अर्चना और नैवैद्य विधान कर अखण्ड हरिनाम संकीर्तन महामंत्र कीर्तन प्रारम्भ हुआ। इस धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में आदिवासी ग्रामीण अंचल से मातृ शक्तियां व पुरुष कर्मकर्ता हरे कृष्ण, हरे कृष्ण,कृष्ण कृष्ण हरे हरे, हरे राम हरे राम राम राम हरे हरे महामंत्र के जाप करते पूरी भक्तिभाव से झूमते दिखे। निरंतर बिना रुके 8 पहर अर्थात 24 घंटे, यह दिव्य हरिनाम कीर्तन चलता रहता है। जिसमें दूर अंचलों से आए भक्त वृंद कलयुग तारण महामंत्र का निरंतर झूमते नाचते कीर्तन रूपी जप करते हैं। अखंड अष्ट प्रहर बीतने के पश्चात , सभी भक्तों के लिए प्रसाद की व्यवस्था भी नारायण सेवा समिति के द्वारा की जाती है। जिसमें शहर के नागरिक, जनप्रतिनिधि एवं मंदिर से जुड़े सभी भक्त वृंद सम्मिलित हुए। यह उत्सव इस वर्ष भी 11 मई से 12 मई तक लक्ष्मी नारायण मंदिर परिसर में मनाया जा रहा है।

## एनईपी-2020 फॉर अकैडमिक एक्सीलेंस ऑफ एचईआई' विषय पर व्याख्यान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय बस्तर में शुक्रवार को 'एनईपी-2020 फॉर अकैडमिक एक्सीलेंस ऑफ एचईआई' विषय पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस व्याख्यान के मुख्य वक्ता प्रो राजेश कुमार दुबे, निदेशक, यूजीसी मालवीय मिशन टीचर्स ट्रेनिंग सेंटर, जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर, राजस्थान रहे।

प्रो. दुबे ने अपने सारगर्भित वक्तव्य में कहा कि नई शिक्षा नीति-2020 भारत की शिक्षा प्रणाली को रोजगारपरक, बहु-विषयक और कौशलोन्मुख बनाने की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है। उन्होंने बताया कि अब तक जो मोनो-डिसिप्लिनरी शिक्षा प्रणाली चल रही थी, वह छात्रों को सीमित ज्ञान तक बाँधती थी, लेकिन एनईपी उन्हें अपनी रुचियों के अनुसार विभिन्न विषयों में ज्ञान अर्जित करने का अवसर प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि यह नीति विद्यार्थियों में हर्ष और उल्लास का संचार करती है तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनाते हुए वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करती है। भारतीय शिक्षा परंपरा की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि यही परंपरा सुंदर पिचाई, सत्यम नडेला जैसे वैश्विक नेतृत्वकर्ताओं को जन्म देती है। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि पाश्चात्य शिक्षा प्रणाली की नकल के कारण भारत आज प्लैगिएरिज्म जैसे गंभीर समस्याओं से जूझ रहा है।गांधीजी के कथन को उद्धृत करते हुए उन्होंने कहा, ₹केवल एक अच्छा शिक्षक बनना पर्याप्त नहीं है, एक अच्छा नागरिक बनना आवश्यक है।